**मानव तस्करी के पीड़ितों के लिए**
**अन्तर्राष्ट्रीय प्रार्थना दिवस 2023**

अन्तर्राष्ट्रीय
समाजिक न्याय
कमीशन

# मैंने उनका रोना सुन लिया है।



## वैश्विक प्रार्थना मार्गदर्शिका

### मानव तस्करी के पीड़ितों के लिए प्रार्थना

जो अभी भी फंसे हुए हैं।

न्याय, आशा और प्रेम के परमेश्वर अनाथों के पिता, उत्पीड़ितों के रक्षक, आने वाले वर्षों के लिए हमारी आशा। हम मानते हैं कि यह आजादी के लिए है कि आपने हमें आजाद किया, प्यार से एक दूसरे की सेवा करने के लिए ताकि हम बहुतायत और भलाई में रह सकें।

प्यारे परमेश्वर,

इस लम्हे में, हम अपने बहनों और भाइयों, पुरुषों और महिलाओं, लड़के और लड़कियों के साथ खड़े हैं जो आधुनिक गुलामी और मानव तस्करी के शिकार हैं। हम जानते हैं कि उनके दर्द, भय, कष्टदायी पीड़ा, अपमान और यहाँ तक कि वह सब जो वह महसूस कर रहे हैं, जिसके बारे में शायद हम भी नहीं जानते होंगे, लेकिन आप वाकिफ हैं।

हे प्रभु, हम प्रार्थना करते हैं कि आप उन्हें उनके उत्पीड़कों के हाथों से छुड़ाएँ, उन्हें दुष्टों के चंगुल से छुड़ाएँ और अपने अनुग्रह से उनके जीवन को बहाल करें और उन्हें प्रकाश में लाएँ। चंगाई में उनकी मदद करें, उन्हें न्याय प्रदान करें और काश उनके तस्कर पश्चाताप करने पाएं और आपको अधिक जान सकें।

हमें अपने पवित्र जुनून और प्यार से भरें ताकि हम न्याय के लिए लड़ते रहें। इस मानवीय त्रासदी को समाप्त करने के लिए हमें अपने औजार के रूप में उपयोग करें। और काश इन पीड़ितों के प्रति आपका प्रेम, आलिंगन और उपस्थिति कभी दूर न हो। हे स्वर्गीय पिता हमारा रोना और प्रार्थना सुनें।

आमीन!

**जॉय एम-सन्डे**, *नाइजीरिया टैरिटरी*

---

## उत्तरजीवियों के लिए प्रार्थना ... उत्तरजीवियों द्वारा जिन्हें तस्करी से मुक्त कराया गया है।

*मलाइका ओरिंगो, सर्वाइवर एंगेजमेंट एंड इंक्लूजन की वैश्विक विशेषज्ञ ने साझा किया है: 'गुलामी में जाने के बाद खो चुके सभी उत्तरजीवियों के लिए, आशा न छोड़ें; यीशु मसीह अपने वायदों में वफादार है। एक उत्तरजीवी होते हुए उसने मेरी पुकार सुनी, और इस वजह से, कृपया जान लें कि आप कभी अकेले नहीं हैं। आपके लिए हमारी प्रार्थना यहाँ है।'*

हम उनकी पुकार सुनते हैं! मानव तस्करी के उत्तरजीवी अन्य बचे लोगों के लिए प्रार्थना में एकजुट हैं। हम आशा और बहाली के लिए प्रार्थना करते हैं। हम जीवित बचे लोगों की चीखें सुनते और महसूस करते हैं; हम इस बात को समझते हैं कि गुलामी के बाद भी कितने लोगों ने कितना अधिक आघात सहा है।

हे प्रभु, अंदरूनी शांति के लिए उनकी पुकार सुनें; हम आपके सम्मुख टूटे-हृदय के साथ आते हैं। हम अन्य बचे हुए लोगों की चंगाई के लिए पुकारते हैं जो व्यापक घावों का सामना कर रहे हैं और उनका अपने दम पर चंगे होना बहुत कठिन है। बचे हुए लोगों को गुजरे समय की यादों के दर्द से चंगाई प्रदान करें।

भरोसेमंद और दयालु परमेश्वर, इन घायल आत्माओं की भरोसा करने की क्षमता को बहाल करने के लिए प्रार्थना में उनकी पुकार को सुनें कि लोग अच्छे, प्रेमपूर्ण और दयालु हो सकते हैं। हम प्रार्थना करते हैं कि आप उन रिश्तों को बहाल करें जो उत्तरजीवी को मित्रों और परिवार के साथ फिर से जुड़ने में मदद कर सकते हैं, चिंता और अवसाद को आशा से बदल सकते हैं और जीवित बचे लोगों को योग्य समझ सकते हैं।

**मलाइका ओरिंगो**, *नीदरलैंड, चेक गणराज्य और स्लोवाकिया टैरिटरी*

---

## 'गुलामी में जाने के बाद खो चुके सभी उत्तरजीवियों के लिए, **आशा न छोड़ें;** यीशु मसीह अपने वायदों के प्रति वफादार है'

## पुनर्स्थापनात्मक न्याय के लिए प्रार्थना

न्याय के परमेश्वर :

**हम आधुनिक गुलामी** और शोषण की घटनाओं में फंसे लोगों की पुकार सुनते हैं।

हम असहाय, शोषितों और भूले-बिसरे लोगों के लिए न्याय के प्रति अभिभूत, निराश और हताश हैं।

प्रकाश के परमेश्वर, हम आधुनिक गुलामी और शोषण में फंसे सभी लोगों के लिए आपसे तत्काल न्याय की माँग करते हैं।

हम न्याय चाहते हैं। हम उन गलतियों के लिए सुलह की प्रार्थना करते हैं जो अपराधियों ने की हैं और आप उनके हृदयों को अपने धर्म की रोशनी से कायल कर सकते हैं और उन्हें विनम्रतापूर्वक पश्चाताप करने और अपने दुष्ट मार्गों से फिरने में मदद कर सकते हैं।

हम प्रार्थना करते हैं कि अपराधी दूसरों को मानव जाति के उत्पीड़न में भाग लेने से रोकने में मदद करने के कार्य में स्वयं को बदल देंगे।

हम यही प्रार्थना करते हैं, आमीन!

**इमैनुएल वटाका**, *युगांडा टैरिटरी*

---

## वैश्विक कलीसिया के लिए प्रार्थना

प्यारे प्रभु, सर्वशक्तिमान परमेश्वर, स्वतंत्रता के ईश्वर :

हमारे आस-पास ऐसे बहुत से लोग हैं जो अपनी हताश स्थितियों में अनदेखे और अनसुने हैं।

'जब से मैं 13 साल की हुई, हर दिन मुझे वेश्यावृत्ति के लिए मजबूर किया जाता है और बलात्कार किया जाता है... मैं इसे अब और नहीं सह सकती...कौन मेरी मदद कर सकता है?'

**हम आपका रोना सुनते हैं!**

'मुझे मेरे माता-पिता के द्वारा पैसा कमाने के लिए विदेश भेजा गया, लेकिन यह लोग मुझे भुगतान नहीं करते हैं और मेरे साथ बुरा व्यवहार करते हैं। मैं प्रतिदिन 16 घंटे कड़ी मेहनत करता हूं। मैं इसे और नहीं सह सकता... कौन मेरी मदद कर सकता है?'

**हम आपका रोना सुनते हैं!**

'मैं अपने पति से दूर भाग गई हूँ और घरेलू हिंसा से बच सकती हूँ। अब मैं अपने बच्चों की देखभाल के लिए किसी भी तरह का काम खोजने की कोशिश कर रही हूं... लेकिन यह व्यक्ति मुझे जो काम दे रहा है वह असुरक्षित लगता है। मेरे पास पैसा नहीं है, मैं डरी हुई हूँ, मुझे नहीं पता कि क्या करूं... कौन मेरी मदद कर सकता है?'

**हम आपका रोना सुनते हैं!**

हे प्रभु, आप अपने बच्चों के लिए न्याय चाहते हैं जिनके साथ अन्याय हुआ है।

एक वैश्विक कलीसिया के रूप में एक साथ मिलकर काम करने में हमारी सहायता करें और जैसे आप उनकी पुकार सुनते हैं उसी तरह हम भी सुनने पाएं। हमारी आंखें खोल दीजिए, मजबूत बनने में हमारी सहायता करें, जो डरे हुए हैं, शक्तिहीन हैं और आवाज-रहित हैं उनके लिए खड़े होने और लड़ने के लिए सहायता करें। यह आपकी लड़ाई है, आपकी जीत है, आपकी महिमा है!

यीशु मसीह के नाम में, आमीन!

**गैलिना केट्रोय,** *पूर्वी यूरोप टैरिटरी*

---

## मुक्ति फौज के वैश्विक आधुनिक गुलामी, और मानव तस्करी के प्रयास के लिए प्रार्थना।

पिता परमेश्वर, जैसा कि हजारों साल पहले इस्राएलियों के साथ हुआ था, हम आज इस समय विश्वास के साथ प्रार्थना करते हैं, यह जानते हुए कि आप हमारी पुकार सुनेंगे, विशेष रूप से उन पीड़ित लोगों के न्याय के लिए जिनके साथ यौन शोषण और जबरन मजदूरी के कारण अन्याय हुआ है।

अंधकार का सामना कर रहें शोषित और निराश्रित लोगों के लिए, हम चाहते हैं कि आप उन पर आशा और शांति के प्रकाश के रूप में चमकें। कृपया उन लोगों की जंजीरों को तोड़ दें जो दूसरों को गुलामी और गरीबी में बांधते हैं ताकि परमेश्वर की सभी संतानें स्वतंत्रता और एक मूल्यवान और स्वस्थ जीवन जीने के अवसर की आशीष का अनुभव कर सकें।

प्रभु, हम प्रार्थना करते हैं कि आप उन साहसी लोगों को शक्ति दें जो यौन शोषण और जबरन मजदूरी के पीड़ितों और बचे हुए लोगों के साथ काम करते हैं। उनकी आत्मा, हृदय और शरीर में उन्हें प्रोत्साहित करें, और इन कार्यकर्त्ताओं को वे संसाधन प्रदान करें जिनकी उन्हें संसार में अन्याय से पीड़ित लोगों का समर्थन करने के लिए आवश्यकता है।

हे प्रभु, हम आपका धन्यवाद करते हैं, कि एल रोई, आप ही वह परमेश्वर है जो हमारी सुनते हैं। जबकि हम सभों के लिए स्वतंत्रता और न्याय के लिए प्रार्थना करते हुए अपनी आवाज उठाते हैं तो हमारे हृदय एक हों।

हे प्रभु, हमारी पुकार सुनने के लिए धन्यवाद।

आमीन!

**कमिश्नर शैली हिल,** *अमेरिका और कैरेबियन टैरिटरी*

मैं अंधकार से परे बेटियों और बेटों का रोना सुनता/सुनती हूँ, जो दूसरों के लाभ के लिए बेच दिए गए और गुलाम बना दिए गए।

**मैं आपके साथ खड़ा/खड़ी हूँ।**

मैं अगली पीढ़ी के संवेदनशील बच्चों को देखता/देखती हूँ जो सांसारिक सुखों के लाभ के लिए लक्षित हैं।

**मैं आप के लिए लड़ूँगा/लड़ूँगी।**

मैं मुख्य धारा में कार्य करने वाले अभ्यासकर्त्ताओं के साथ खड़ा/खड़ी हूँ, उत्पीड़न के शिकार लोगों की आजादी की वकालत करता/करती हूँ और उत्तरजीवियों के साथ-साथ चलता/चलती हूँ।

**मैं आपको स्वीकारता/स्वीकारती हूँ।**

मैं अपनी अज्ञानता, अपने विशेषाधिकार और अपनी खर्च करने की शक्ति के माध्यम से जाने-अनजाने में आधुनिक गुलामी और मानव तस्करी में किसी भी तरीके से योगदान देने के लिए विलाप करता हूँ।

**मैं अंधा होने से इंकार करता हूँ।**

काश! मेरी और आपके लोगों की प्रार्थनाऐं कार्रवाई में बदल जाएँ, जबकि हम एक साथ मिलकर अन्याय के खिलाफ लड़ते हैं।

**हम तब तक आजाद नहीं हैं जब तक हम सब प्रकाश का अनुभव नहीं करते।**

**जीन नंगवाला**, *जाम्बिया टैरिटरी*

---

'काश मेरी और आपके लोगों की प्रार्थनाऐं कार्रवाई में बदल जाएं जबकि हम एक साथ मिलकर **अन्याय के खिलाफ लड़ते** हैं।'